हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 18 सितंबर 2026

तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

10 गणेश पंडालों और स्कूलों में जलाए गए आशीर्वाद...



12 जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया रक्तदान



सोलर पावर प्लांट से केबल चुराने वाला अंतरजिला गिरोह गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

हरे कृष्णा और सूर्योदय सोलर प्लांट में मारी थी सेंध

सोलर पावर प्लांटों में हुई चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए थाना सिमगा पुलिस टीम द्वारा लगातार तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण, क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त एवं मुखबिरों का जाल बिछाकर सघन छानबीन करते हुए केबल वायर चोरी करने वाले अंतरजिला शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें प्रार्थी लक्ष्मण प्रसाद शुक्ला हरे कृष्णा पावर प्लांट चौरेंगा के इंचार्ज की शिकायत दर्ज कराई थी कि चौरेंगा स्थित प्लांट की बाउंड्री वॉल का फेंसिंग तार काटकर अंदर प्रवेश कर लगभग 1500 मीटर इन्वर्टर केबल वायर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। वहीं दुसरी घटना में प्रार्थी दुर्गेश कुमार सूर्योदय वायर सोलर पावर प्लांट, ग्राम चंदेरी के मैनेजर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोरों द्वारा फेंसिंग तार काटकर प्लांट के अंदर लगे लगभग 5000 मीटर डीसी केबल वायर चोरी कर लिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना सिमगा से एक विशेष टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी शुरू की गई। पुलिस ने घटनास्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया और आसपास के आने-जाने वाले रास्तों के तकनीकी ⏭ शेष पेज 10 पर

जब्त सामग्री एवं गिरफ्तार आरोपी

सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 331 (4), 305 (**A**), 317 (2) एवं 3 (5) के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपीयों में रामचंद देवांगन पिता घुलचंद देवांगन 37 वर्ष निवासी वार्ड नं. 15, तिल्दा, थाना तिल्दा नेवरा, जिला रायपुर। डहरीलाल टंडन पिता स्व. अमरू टंडन 42 वर्ष निवासी खमतराई, जिला रायपुर। रामप्रसाद मरावी पिता शोभाराम मरावी 35 हाल पता बीरगांव रायपुर, थाना उरला, जिला रायपुर। हीरानंद आहूजा कबाड़ी पिता स्व. ज्ञानचंद आहूजा 31 वर्ष निवासी वार्ड नं. 03, भैरवगढ़ तिल्दा, जिला रायपुर शामिल हैं पुलिस ने चोरी हुए सामग्री में जला हुआ तांबा/केबल वायर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सीजी 04 क्यू वाई 9409, टॉर्च, प्लास, पेचकस व हथौड़ी, एक मोबाइल जप्त सभी सामान का कुल मूल्य लगभग 1,32,700 जप्त किया है।



पैनल बोर्ड और केबल वायर चुराने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन, में ग्रामीण थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस टीम द्वारा मुस्तैदी व सूक्ष्मता से छानबीन करते हुए खेतों में लगे किसानों के सिंचाई पंपों से पैनल बोर्ड एवं केबल वायर चोरी करने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। प्रार्थी पंकज शर्मा (उम्र 50 वर्ष, निवासी तरेंगा) ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी तरेंगा कुलीपोटा रोड स्थित कृषि भूमि के मोटर पंप से अज्ञात चोरों द्वारा पैनल बोर्ड (कीमती लगभग 6,000 रुपये) चोरी कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त, जांच के दौरान यह बात सामने आई कि विगत 01-02 माह के भीतर गांव के अन्य 11 किसानों नेहरू लाल साहू, छन्नू लाल साहू, दिनेश्वर साहू, प्रकाश अग्रवाल, आनंद साहू, राजू ध्रुव, गोपी यादव, अमरू साहू, महादेव साहू, टीकाराम साहू एवं शेषनारायण साहू के मोटर पंपों के केबल वायर (कुल कीमती लगभग 31,000 रुपये) भी अलग-अलग तिथियों में चोरी हुए थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। ⏭ शेष पेज 10 पर



खबर संक्षेप

संध्या निषाद का राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में चयन

करहीबाजार। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, करहीबाजार के लिए यह गौरव एवं हर्ष का विषय है कि विद्यालय की छात्रा संध्या निषाद, पिता अरुण निषाद, माता कमला निषाद का कक्षा 8वीं का चयन 26वीं राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय के इतिहास में यह पहली बार है जब विद्यालय की किसी छात्रा ने राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर विद्यालय, परिवार एवं करहीबाजार क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रा संध्या निषाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 18 सितंबर 2026 को रायपुर से रवाना होंगी तथा 19 सितंबर को दंतेवाड़ा पहुंचकर प्रतियोगिता स्थल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगी। राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 19 सितंबर से 22 सितंबर 2026 तक दंतेवाड़ा में किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से चयनित प्रतिभावान खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

48 पौवा शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार



तिल्दा-नेवरा। अवैध शराब के परिवहन और बिक्री के खिलाफ तिल्दा-नेवरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 48 पौवा देशी शराब, एक पल्सर मोटरसाइकिल और शराब बिक्री की रकम समेत कुल 45,550 रुपए की सामग्री जब्त की है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल रायपुर भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार विश्वस्त मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बेमता स्थित ताज ढाबा के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तिल्दा-नेवरा पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पुलिस ने पूछताछ और तलाशी के दौरान आरोपी सुनील कुमार देवांगन (45), पिता रोशन लाल देवांगन, निवासी वार्ड क्रमांक 13, कंकाली पारा सिमगा, थाना सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के कब्जे से 48 पौवा शोले मसाला देशी मदिरा बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल रायपुर दाखिल कराया गया।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने किया 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का शुभारंभ


सवा लाख दीयों से जगमगाया विवेकानंद सरोवर, जिले भर में जले 11 लाख दीये



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के अथक जनसेवा और समर्पण काल के पूर्ण होने के अवसर पर गुरुवार को जिले मे 'सेवा संकल्प अभियान' का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम अंतर्गत जिले भर में लाभग 11 लाख दीये जलाकर सेवा संकल्प के प्रति आभार व्यक्त किया गया। जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित चौपाटी में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके साथ ही उपस्थित जनप्रतिनिधि,सामाजिक संगठन, प्रबुद्ध नागरिक,अधिकारी - कर्मचारी,महिला और युवाओं ने दीप जलाये।एक साथ सवा लाख दीपों की जगमग और पेड़ों पर रंगीन लाईट से विवेकानंद सरोवर का अद्भुत एवं दिव्य स्वरुप निखर आया जिससे देखकर लोग अभिभूत हुए।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा संकल्प महाभियान मना रहे है। इस अभियान अंतर्गत आज आशीर्वाद का दीया घर -घर जलाये है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों की चिंता की है और कई योजना लागू की है। उन्होंने हमारे जीवन को संवारा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारा देश विकसित राष्ट्र बनेगा। हम सब मिलकर प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में काम करें और देश -प्रदेश को प्रगति के शिखर पर पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि आज जो आशीर्वाद का दीया' जलाये है वह केवल प्रकाश का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक के मन में सेवा भावना, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण की प्रतिबद्धता को जगाने का प्रयास है।







शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं चौपाटी तक रैली

चौपाटी में दीप प्रज्ज्वलन के पूर्व राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने जनप्रतिनिधियों के साथ शहीद वीर नारायण सिंह चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके पश्चात चौक से ढ़ोल-नागाड़ो के साथ चौपाटी तक रैली निकली गई जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, एसपी गौरव राय, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, उपाध्यक्ष जीतेन्द्र महले योगेश अग्रवाल, राकेश ध्रुव, डीएफओ, पंकज कमल, सीईओ जिला पंचायत दिब्या अग्रवाल सहित अधिकारी -कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

पीएम श्री स्कूल में जले आशीर्वाद के दिये

खरोरा। विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने एवं राष्ट्र निर्माण में सहभागिता का संदेश देने के उद्देश्य से पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, खरोरा में गुरुवार शाम 7:00 बजे "आशीर्वाद का दिया" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं पालकों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर विकसित, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ व्याख्याता शाहिना परवीन के नेतृत्व में दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दीपक केवल प्रकाश का प्रतीक नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार, आशा और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का भी प्रतीक है। विद्यालय की व्याख्याता संगीता नायक ने विकसित भारत की संकल्पना पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, नवाचार तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। संध्या बेला में विद्यालय परिसर दीपों की मनोहारी आभा से आलोकित हो उठा। विद्यार्थियों ने हाथों में दीप लेकर राष्ट्र की एकता, समृद्धि और प्रगति के लिए सामूहिक संकल्प दोहराया।



मनमोहक गीत से बांधा शमा

इस अवसर पर मंत्री श्री वर्मा ने अपने चिरपरिचत अंदाज में मनोहक गीत गाकर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को झूमने मे मजबूर किया। उन्होंने इस नये गीत को अपने मधुर आवाज की जादू से और भी मनोहक बनाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सेवा और समर्पण के प्रतीक सवा लाख दीयों का प्रज्वलन रहा। 1,25,000 दीयों की दिव्य रोशनी से विवेकानंद सरोवर का पूरा परिसर नहा उठा। सरोवर के जल पर पड़ती दीपों की स्वर्णिम परछाई ने पूरे माहौल को अलौकिक और विहंगम रूप दे दिया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी जुटे। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आर्केस्टा टीम द्वारा भक्तिमय गीत -संगीत से पूरे परिसर में भक्ति, उत्साह और देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। दीप प्रज्वलन के साथ ही पूरा विवेकानंद सरोवर परिसर भारत माता के जयकारों और सेवा संकल्प के नारों से गूंज उठा।

टेहका के सूकर फार्म मे अफ्रीकन स्वाइन फीवर की पुष्टि

भाटापारा। विकासखंड भाटापारा अंतर्गत ग्राम टेहका स्थित सूकर फार्म के सूअरों मे अफ्रीकन स्वाइन फीवर की पुष्टि एनआईएचएसएडी भोपाल की जांच रिपोर्ट मे की गई है। इस रिपोर्ट मे आधार पर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने उक्त सूकर फार्म के 2 किलोमीटर की परिधि को इन्फेक्टेड जोन एवं 10 किलोमीटर तक को सर्विलेंस जोन 6 माह तक की अवधि के लिये घोषित किया है। आदेशानुसार इन्फेक्टेड जोन से सूकर उत्पादन क्यो आवाजाही पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी एवं सर्विलेंस जोन मे सूकर आदि के मार्केट एवं दुकान पूर्णतः बंद रखी जाएगी। जिले में किसी भीं नागरिक द्वारा किसी प्रकार की अफवाह नहीं फैलाई जाएगी। किसी भी व्यक्ति द्वारा उपर्युक्त प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन करने पर उनके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता,पशुओं मे संक्रामक रोगों का नियंत्रण अधिनियम 2009 एवं अन्य सुसंगत विधिक प्रावधानों के तहत दंडातमक कार्यवाही की जाएगी। आपात काल के लिए जिला कंट्रोल रूम नंबर बलौदाबाजार में रेपिड रिस्पॉन्स टीम के नोडल अधिकारी डॉ. वर्षा शर्मा ⏭ शेष पेज 10 पर

महिला के गले से बदमाश मंगलसूत्र और सोने का हार छीनकर फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

खरोरा क्षेत्र में चेन स्नेचिंग का मामला सामने आने से लोगों में चिंता का माहौल है।रेस्टहाउस के पास किराना दुकान के समीप एक महिला के गले से बदमाश मंगलसूत्र और सोने का हार छीनकर फरार हो गए। घटना के बाद खरोरा थाना के एस आई दुबे जी और टीम आरोपियों की तलाश में जुट गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, खरोरा निवासी साहू परिवार मूलतः इल्दा गांव का रहने वाला है। परिवार निजी काम से बाजार गया था। काम पूरा करने के बाद परिवार जब वापस घर लौट रहा था, तभी रेस्टहाउस के सामने स्थित किराना दुकान के पास ब्रेकर के आसपास यह वारदात हुई।बताया जा रहा है कि इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने महिला के गले से ⏭ शेष पेज 10 पर



चिकन सेंटर सील

वैध पंजीयन के बिना चल रहा था कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी



कसडोल विकाखण्ड के ग्राम गिधौरी में संचालित धर्मेन्द्र चिकन सेंटर को लेकर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की जांच में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। ग्रामीणों की शिकायतों के बीच सेंटर में बीमार चिकन की कटिंग कर उसे बेचने का गंभीर आरोप भी सामने आया है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से इस संबंध में शिकायतें की जा रही थीं, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से कथित रूप से लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ जारी रहा। मामला सीएम हेल्पलाइन तक पहुंचने के बाद प्रशासन हरकत में आया और खाद्य विभाग ने जांच कर सेंटर का कारोबार बंद करा दिया। 7 सितंबर को खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया। जांच में सेंटर के नाम से खाद्य पंजीयन प्रमाणपत्र तो मिला, लेकिन विभाग के अनुसार यह बिलाईगढ़ क्षेत्र के लिए जारी था, जबकि कारोबार गिधौरी, विकासखंड कसडोल में संचालित हो रहा था। मौजूदा कारोबार स्थल के लिए वैध खाद्य पंजीयन नहीं पाए जाने पर विभाग ने तत्काल प्रभाव से कारोबार बंद करने के निर्देश दिए। मामला केवल पंजीयन की गड़बड़ी तक सीमित नहीं रहा। निरीक्षण के दौरान दुकान की स्वच्छता व्यवस्था बेहद खराब मिली। विभागीय पत्र के अनुसार दुकान में ⏭ शेष पेज 10 पर

- स्वच्छता में भी मिलीं गंभीर कमियां

15 दिनों के भीतर मांगा गया जवाब

जांच के दौरान कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र और ग्राम पंचायत की एनओसी भी उपलब्ध नहीं मिली। इन कमियों को लेकर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 55 के तहत नोटिस जारी करते हुए संचालक से 15 दिनों के भीतर जवाब मांगा है। ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय स्तर पर शिकायतों के बावजूद लंबे समय तक कार्रवाई नहीं हुई। आखिरकार सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज होने के बाद प्रशासन और खाद्य विभाग ने मामले को गंभीरता से लिया। निरीक्षण के बाद वैध पंजीयन नहीं होने के कारण सेंटर का कारोबार बंद कराया गया और वैध पंजीयन प्राप्त होने तक खाद्य कारोबार नहीं करने के निर्देश दिए गए। अब बड़ा सवाल यह है कि ग्रामीणों की शिकायतों के बावजूद कार्रवाई में इतनी देरी क्यों हुई और यदि बीमार चिकन बेचने की शिकायतें पहले से मिल रही थीं तो खाद्य विभाग ने समय रहते जांच क्यों नहीं की? विभागीय जांच में पंजीयन और स्वच्छता से जुड़ी कई गंभीर कमियां सामने आने के बाद यह मामला खाद्य सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी पर भी सवाल खड़े करता है। इस संबंध में अक्षय सोनी जिला खाद्य एवं औषधी प्रशासन बलौदाबाजार से संपर्क करने पर, कल ऑफिस आ जाइये पूरी डिटेल्स जानकारी दे दूंगा बोला गया।

जिले में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

राज मिस्त्री कल्याण संघ ने स्थापित की प्रतिमा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

सृष्टि के सृजनकर्ता प्रथम शिल्पकार वास्तु कौशल में सर्वश्रेष्ठ भगवान विश्वकर्मा जयंती गुरुवार को समूचे अंचल में धूमधाम से मनाई गई, इस दौरान कलपुर्जो के दुकानदारों ने विशेष पूजा अर्चना कर भगवान विश्वकर्मा की आराधना की वही पलारी के राज मिस्त्री कल्याण संघ ने तारण चौक में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की तथा विधिवत पूजा अर्चना कर खीर पूड़ी का प्रसादी वितरण किया।इस अवसर पर संघ के संरक्षक साधराम साहू, अध्यक्ष भवानीराम साहू, उपाध्यक्ष राजू साहू, सचिव जोइधा वर्मा, कोषाध्यक्ष रवि वर्मा सहित संतोष वर्मा, धर्मेंद्र बंजारे, श्यामरतन, अशोक, मोहन, नाथूराम, राजेन्द्र, शिव वर्मा, बिसाहू, बलदाऊ,चंदू, दिलीप, कृतराम, दुर्गा, भूपेंद्र, कुमार धीवर, कौशल, मंगलू, घनश्याम, मुकेश,रविशंकर, जीवन, मोहित फेकर सहित सदस्य गण उपस्थित थे।

भगवान श्री विश्वकर्मा की जयंती मनाई

खरोरा। राजमिस्त्री कल्याण संघ परिक्षेत्र द्वारा गुरुवार को हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मजदूरों एवं राजमिस्त्रियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। खरोरा स्थित अंकुर हॉस्पिटल के सामने भगवान श्री विश्वकर्मा जी की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात राजमिस्त्री कल्याण संघ द्वारा प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। जयंती के अवसर पर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसमें जय जगदंबे जय झांकी परिवार, हिरमी द्वारा आकर्षक झांकी की प्रस्तुति दी गई, जिसका उपस्थित लोगों ने आनंद लिया। इस आयोजन में राजमिस्त्री कल्याण संघ खरोरा परिक्षेत्र के अध्यक्ष तोरण साहू, कोषाध्यक्ष शंकर क्षत्रिय, उपाध्यक्ष यशवंत क्षत्रिय, यशवंत साहू, खुमान साहू, सचिव बंसी यादव सहित संघ के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती के इस आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल रहा।



खबर संक्षेप



रक्तदान शिविर में 94 यूनिट ब्लड एकत्रित

बलौदाबाजार। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत गुरुवार को जिला अस्पताल बलौदाबाजार और सिविल अस्पताल भाटापारा में रक्तदान शिविर आयोजित की गई। शिविर में 94 यूनिट रक्त की प्राप्ति दानदाताओं से हुई है। इसमें 51 यूनिट भाटापारा और 43 यूनिट बलौदाबाजार जिला चिकित्सालय में रक्तदान किया गया। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जिला अस्पताल बलौदाबाजार मे आयोजित रक्तदान शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने रक्तदान कर रहे युवाओं को गुलाब फूल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया औऱ जनकल्याण के लिये प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से जीवन बचाया जा सकता है इसीलिए रक्तदान को महादान कहा जाता है। रक्तदान शिविर मे जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल एवं उपाध्यक्ष पवन सहु ने जिला अस्पताल में स्वयं रक्तदान कर युवाओं को प्रोत्साहित किया। उक्त रक्त का उपयोग दुर्घटना में घायलों, सिकल सेल और प्रसव जैसी आवश्यक चिकित्सा जरूरतों में किया जाएगा। अशोक जैन, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यदु, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, प्रणम्य पाण्डेय, सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी, सिविल सर्जन डॉ अशोक वर्मा उपस्थित रहे।

गणेश पर्व में हुड़दंग करने वाले चार गिरफ्तार



तिल्दा नेवरा। गणेश पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तिल्दा-नेवरा पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में सार्वजनिक स्थान पर विवाद और लड़ाई-झगड़ा कर अशांति फैलाने वाले चार असामाजिक तत्वों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चारों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें अनुविभागीय दंडाधिकारी न्यायालय, तिल्दा-नेवरा के समक्ष पेश किया। पुलिस के अनुसार गणेश पर्व को देखते हुए क्षेत्र में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने के साथ ही संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल द्वारा सतत भ्रमण किया जा रहा है। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के सामने आम रोड तथा थाना तिल्दा-नेवरा के सामने मुख्य मार्ग पर कुछ लोग विवाद एवं लड़ाई-झगड़ा कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस ने संबंधित लोगों को समझाइश देकर विवाद समाप्त करने के लिए कहा, लेकिन पुलिस के अनुसार वे अत्यधिक उग्र होकर मारपीट करने पर उतारू हो गए। स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चार लोगों को प्रतिबंधात्मक धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए लोगों में कैलाश यदु (20), निवासी वार्ड क्रमांक 20 तिल्दा, हिमांशु उर्फ प्रिंस यादव (19), निवासी वार्ड क्रमांक 20 बजरंग चौक तिल्दा बस्ती, करण कुमार छेदैय्या (19), निवासी वार्ड क्रमांक 2 सासाहोली तथा राजेश कुमार वर्मा (26), निवासी ग्राम बोइरझिटी शामिल हैं। पुलिस ने चारों को अनुविभागीय दंडाधिकारी न्यायालय, तिल्दा-नेवरा के समक्ष पेश किया। पुलिस के अनुसार न्यायालय से जेल वारंट जारी होने के बाद आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की गई तिल्दा-नेवरा पुलिस ने कहा है कि गणेश पर्व और आगामी त्यौहारों के दौरान क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पेट्रोलिंग और निगरानी लगातार जारी रहेगी।

आशीर्वाद के दीपों से जगमगाया तिल्दा-नेवरा, घर-घर मना पीएम मोदी का जन्मदिन

गणेश पंडालों और स्कूलों में जलाए गए आशीर्वाद के दीये

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 76वां जन्मदिन गुरुवार को तिल्दा-नेवरा में उत्साह और सेवा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और देश की निरंतर प्रगति की कामना को लेकर शहर में विभिन्न स्थानों पर 'आशीर्वाद का दिया' जलाया गया। घरों, मंदिरों, गुरुद्वारों, गणेश पंडालों, चौक-चौराहों, स्कूलों और कार्यालयों में शाम को दीप प्रज्ज्वलित किए गए।

तिल्दा-नेवरा के विभिन्न गुरुद्वारों में प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन और 76 वें जन्मदिन के प्रतीक के रूप में कुल 101 दीप जलाए गए। इस दौरान प्रधानमंत्री के दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए विशेष अरदास भी की गई। शहर के अलग-अलग हिस्सों में लोगों ने अपने-अपने स्तर पर दीप जलाकर जन्मदिन समारोह में सहभागिता की। दीनदयाल चौक पर विकास कोटवानी के नेतृत्व में नगर पालिका के कर्मचारियों और अन्य लोगों ने 'आशीर्वाद का दिया' जलाया। इस दौरान आतिशबाजी भी की गई। दीपों की रोशनी से चौक का वातावरण उत्सवमय नजर आया।संत कंवर राम चौक पर भाजपा नेता लखमीचंद नवानी एवं पार्षद ज्योति नवानी के नेतृत्व में दीप प्रज्ज्वलित किए गए। वहीं नगर पालिका कार्यालय में भी 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें नगर पालिका अध्यक्ष, पार्षदों सहित सीएमओ और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।





शहरभर में आशीर्वाद का दीया और आतिशबाजी

स्वामी आत्मानंद स्कूल में भी दीप जलाकर प्रधानमंत्री के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की गई। इसके अलावा शहर के विभिन्न गणेश पंडालों और धार्मिक स्थलों पर भी दीप प्रज्ज्वलित कर प्रार्थना की गई। अटल चौक में पार्षद रानी सौरभ जैन की उपस्थिति में 'आशीर्वाद का दिया' जलाया गया। तिल्दा के बड़े गुरुद्वारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन विशेष रूप से मनाया गया। दीपक निहिचलानी और माणिक कोडवानी की उपस्थिति में विशेष अरदास की गई तथा प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की गई। गुरुद्वारा परिसर में दीप जलाकर जन्मदिन की खुशियां साझा की गईं। नेवरा में भाजपा युवा नेता दीपक शर्मा की उपस्थिति में 'आशीर्वाद का दिया' जलाया गया। इस अवसर पर केक काटकर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया गया। स्टेशन चौक स्थित दुर्गा मंदिर में भाजपा नेता एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल तथा रिंकू अग्रवाल के नेतृत्व में दीप प्रज्ज्वलित किए गए।

पचरी संकुल के विद्यालयों में जले दिये



खरोरा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पचरी संकुल के विभिन्न विद्यालयों में गुरुवार को भावपूर्ण वातावरण में "आशीर्वाद का दिया" प्रज्वलित किया गया। संकुल अंतर्गत छड़िया, पचरी, नहरडीह, मधईपुर, कुम्हारी एवं आलेसुर के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों तथा शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने एकजुट होकर दीप प्रज्वलित कर अभियान के प्रति अपनी सहभागिता व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में शिक्षा, संस्कार, सेवा और समाज के सहयोग से बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सकारात्मक वातावरण निर्मित करने का संदेश दिया गया। संकुल प्राचार्य अशोक कुमार कोशले ने कहा कि आशीर्वाद का यह दिया केवल दीपक नहीं, बल्कि विद्यालय और समाज के बीच विश्वास एवं सहयोग की रोशनी का प्रतीक है। जब शिक्षक, विद्यार्थी, अभिभावक, जनप्रतिनिधि और शाला प्रबंधन समिति एक साथ आगे बढ़ते हैं, तो शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों के भविष्य को नई दिशा मिलती है।

पीएम मोदी के जन्मदिन पर जले आशीर्वाद के दिये



पलारी। ग्राम पंचायत खपरी (भ) में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर मिट्टी के दीप जला कर उनके उत्तम दीर्घायु की कामना की गई। इस मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच दिनेश कुमार मारकंडे, सचिव, दयालु सोनवानी, उपसरपंच हितेंद्र कोसले सहित पंचगण सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

थाना-चौकियों में जगमगाए साइबर जागरूकता के दीये



बलौदाबाजार। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में साइबर क्राइम मुक्त छत्तीसगढ़ के संकल्प के तहत संचालित प्रदेशव्यापी 'साइबर जागृति अभियान' (15 अगस्त से 02 अक्टूबर 2026) के अंतर्गत गरुवार को जिला पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार सहित जिले के समस्त थानों एवं चौकियों में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का भावपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार एवं सभी थाना-चौकी परिसरों में आकर्षक एवं संदेशप्रद साइबर जागृति रंगोली बनाई गई। अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर डिजिटल सुरक्षा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर संदेश दिया गया कि "जिस प्रकार एक दीपक अंधकार को दूर कर उजाला फैलाता है, ठीक उसी प्रकार हमारी सतर्कता और जागरूकता हमें और हमारे परिवार को साइबर ठगी के अज्ञानतारूपी अंधकार से सुरक्षित रख सकती है।

बरौंडा पंचायत भवन में जले आशीर्वाद के दिये



बंगोली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर जनपद पंचायत तिल्दा के ग्राम पंचायत बरौंडा मे पंचायत भवन, अमृत सरोवर तालाब, ऑगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1,2,3 सहित सभी शासकीय स्थलों तथा आवास हितग्राहियों ने आशीर्वाद दीप प्रज्दवलित किया गया।

बालसमुंद सहित सभी दफ्तरों में जलें दीये



पलारी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के निर्बाध जनसेवा और समर्पण काल के पूर्ण होने के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक जिले मे सेवा संकल्प अभियान चलाया गया जहां गुरुवार को शाम 7 बजे से सामूहिक दीप प्रज्ज्वलन किया गया। सेवा सप्ताह के अंतर्गत भाजपा मंडल पलारी ने पलारी के सिद्धेश्वर मंदिर, जनपद कार्यालय तथा अटल परिसर में हजारों दिए प्रज्ज्वलित किये गए इसके साथ ही नगर पंचायत कार्यालय,तहसील ऑफिस, बीईओ कार्यालय, अंबेडकर परिसर, शाहिद युगल किशोर परिसर सहित सभी संस्थाओं में एक साथ संध्या 7 बजे एक साथ दीप प्रज्जवलित किये एवं विकसित भारत 2047 का सामूहिक संकल्प लिया।यह आयोजन न केवल बीते 25 वर्षों की जनसेवा के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का माध्यम है, बल्कि वर्ष 2047 तक भारत को एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में आम जनता को एकजुट करने का एक सशक्त प्रयास भी है। उक्त कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, वरिष्ट भाजपाई बिपिन बिहारी वर्मा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा, जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव, ओम प्रकाश चंद्रवंशी, दुर्गा महेश्वर, अमित वर्मा, संकेत वर्मा, लोकेश्वर वर्मा सहित अधिकारी कर्मचारी इस अभियान में शामिल हुए।

भूमाफिया रेरा से भी ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं जमीनें

मुड़पार सरसीवां। सरसीवां में भूमाफियाओं ने जमीन की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी कर दी है। 2016 में डेढ़ एकड़ जमीन 15 लाख रुपये कीमत पर मिलने वाली जमीन को भूमाफिया अब 6 करोड़ में बेचने ग्राहक तलाश रहे हैं। भूमाफियाओं ने सरसीवां के चारों तरफ अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया है। इनकी कॉलोनियों में न पक्की सड़क-नाली की सुविधा है न बिजली की फिर भी ये रजिस्ट्री और राजस्व विभाग की मिलीभगत से रेरा से ऊंची कीमत पर धड़ल्ले से प्लॉट बेच रहें हैं। जानकारी के अनुसार माफिया बिना रेरा रजिस्ट्रेशन और बिना लेआउट अनुमति के अवैध कॉलोनियां विकसित कर रहे हैं। किसानों से सस्ते में जमीन लेकर उसे छोटे-छोटे प्लॉट में काटकर महंगे दामों पर बेचा जा रहा है ऐसी खरीदी बिक्री पूरी तरह अवैध है। इस पूरे घोटाले में रजिस्ट्री और राजस्व विभाग की मिलीभगत से इंकार नहीं कर सकते। कम कीमत पर रजिस्ट्री दिखाकर स्टाम्प ड्यूटी की भी चोरी की जा रही है, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये की राजस्व हानि हो रही है।

> ■ आम आदमी के लिए घर बनाना सपना होता जा रहा

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बीते 10 साल के रजिस्ट्री, खसरा और नामांतरण रिकॉर्ड की जांच कराई जाए तो बड़ा जमीन घोटाला उजागर हो सकता है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से एसआईटी जांच और दोषी अधिकारियों व भूमाफियाओं पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भूमाफियाओं के हौसले बुलंद हैं। आम आदमी के लिए घर बनाना सपना होता जा रहा है। उल्लेखनीय है कि रायपुर, बिलासपुर में जमीन की कीमतें हर साल 10 से 20 फीसदी ही बढ़ती है लेकिन यहां सीधे 40 गुना बढ़ा दी गई है। स्थानीय और अंचल के नागरिकों ने कलेक्टर से मांग की है कि पूरे मामले की जांच कर भूमाफियाओं और संबंधित अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज की जाए।

खरोरा में हिंदी दिवस पर विद्यार्थियों ने बनाए आकर्षक पोस्टर

खरोरा। पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, खरोरा में हिंदी दिवस के अवसर पर भाषा गौरव एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने हेतु पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के हिन्दी एवं अंग्रेज़ी माध्यम के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए हिंदी भाषा के महत्व, राष्ट्रभाषा के सम्मान, मातृभाषा की गरिमा तथा भारतीय संस्कृति पर आधारित आकर्षक एवं संदेशपरक पोस्टर तैयार किए। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने रंगों, चित्रों एवं प्रभावशाली नारों के माध्यम से हिंदी के संरक्षण, संवर्धन और दैनिक जीवन में उसके प्रयोग का संदेश दिया। विद्यालय परिसर विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रस्तुतियों से हिंदीमय वातावरण में परिवर्तित हो गया। इस अवसर पर प्राचार्य रजनी मिंज ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान, संवेदनाओं और राष्ट्रीय एकता का सशक्त माध्यम है।

जिला अस्पताल में टाइप-1 डायबिटीज क्लीनिक का शुभारंभ

बलौदाबाजार। बच्चों में पाए जाने वाले टाइप-1 डायबिटीज के बेहतर नियंत्रण एवं उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से बुधवार को जिला अस्पताल में साप्ताहिक टाइप-1 डायबिटीज क्लीनिक का उद्घाटन किया गया। इससे जिले के प्रभावित बच्चों को नियमित इलाज व फॉलोअप की सुविधा उपलब्ध होगी। क्लीनिक में टाइप-1 डायबिटीज से ग्रसित बच्चों को चिकित्सकीय सलाह के साथ काउंसलिंग की जाएगी। बच्चों एवं उनके अभिभावकों को मधुमेह के बेहतर प्रबंधन, इंसुलिन के नियमित सेवन तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों की जानकारी भी दी जाएगी। डब्ल्यू जे सी एफ के तकनीकी सहयोग से यह क्लीनिक हर बुधवार को संचालित होगा। इससे जिले के बच्चों को इलाज के लिए बाहर जाने की आवश्यकता कम होगी और उन्हें जिला अस्पताल में ही निरंतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकेंगी। टाइप-1 में शरीर इंसुलिन बनाना लगभग बंद कर देता है या बहुत कम बनाता है।नतीजा यह होता है कि खून में शुगर का स्तर बहुत बढ़ जाता है। टाइप-1 डायबिटीज का इलाज जीवन भर इंसुलिन इंजेक्शन या इंसुलिन पंप से होता है। इसके साथ ही नियमित ब्लड शुगर चेक करना,सही आहार,व्यायाम नियमित डॉक्टर की सलाह, जल्दी पता लगने और सही प्रबंधन से बच्चे सामान्य जीवन जी सकते हैं।

पेज 9 के शेष

सोलर पावर प्लांटों...

साक्ष्य व सीसीटीवी फुटेज खंगाले। मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम चौरेंगा की ओर संदिग्ध अवस्था में मोटरसाइकिल में बैगा, औजार आदि लेकर घूम रहे 03 व्यक्तियों को पुलिस ने घेराबंदी कर हिरासत में लिया। पुलिस द्वारा कड़ाई व पेशेवर ढंग से पूछताछ करने पर आरोपियों ने एक सांथ मिलकर चौरेंगा एवं चंदेरी स्थित दोनों सोलर प्लांटों में फेंसिंग तार काटकर घुसने और लाखों का केबल वायर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने चोरी की गई केबल को जलाकर उसमें से तांबा निकाला और तिल्दा स्थित कबाड़ी के पास बेच दिया था। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस टीम ने तत्काल तिल्दा में दबिश देकर चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी को भी धर दबोचा। मामले में एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

पैनल बोर्ड और ...

पुलिस टीम द्वारा तत्काल घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया और संदिग्धों पर नजर रखी जाने लगी। विवेचना एवं तकनीकी/संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने 02 संदिग्ध युवकों शुभम साहू एवं बिरेन्द्र माण्डले को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। गवाहों के समक्ष पूछताछ (मेमोरेंडम कथन) में दोनों आरोपियों ने आपस में मिलकर तरेंगा क्षेत्र के विभिन्न खेतों से मोटर पंप केबल वायर एवं पैनल बोर्ड चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की निशानदेही पर प्रकरण से संबंधित भौतिक साक्ष्य एवं जप्ती की कार्यवाही पूर्ण की गई। प्रकरण में दोनों आरोपियों को 17 सितंबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

टेहका के सूकर...

9826650630 पर सम्पर्क किया जा सकता है। सर्विलेंस जोन की परिधि मे लगभग 24 गांव आ रहे हैं।आरआरटी के द्वारा अफ्रीकन स्वाइन फीवर के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी देते हुए बताया गया कि यह एक विषाणु जनित रोग है, जो सूकरों के लिए अत्यधिक संक्रामक है, परंतु सूकर के द्वारा मनुष्यों में यह रोग नहीं फैलता है। राज्य स्तरीय रोग अन्वेषण प्रयोगशाला की टीम के निर्देशानुसार आरआरटी टीम द्वारा सभी सूकरों को एसओपी के मानक के आधार पर कलिंग, बरियल डिस्पोजल एवं सेनिटाइजेशन की कार्यवाही की गई।

महिला के गले ...

मंगलसूत्र और सोने का हार झपट लिया और तेजी से मौके से फरार हो गए। अचानक हुई घटना से महिला और उसके परिजन सकते में आ गए।घटना के बाद मौके पर मौजूद कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बदमाशों का पीछा करने का प्रयास किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी बालोद बाजार की ओर भागे। हालांकि, बुडेरा चौक के बाद बदमाश किस दिशा में गए, इसकी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ सकी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही प्रत्यक्षदर्शियों से जानकारी जुटा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वारदात में कितने लोग शामिल थे और आरोपी किस वाहन से फरार हुए। खरोरा में चेन स्नेचिंग की इस घटना के बाद बाजार और प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। पुलिस आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द पकड़ने के प्रयास में जुटी है।

वैध पंजीयन के...

गंदगी और मकड़ी-जालों की अत्यंत असंतोषजनक स्थिति, पानी का जमाव तथा दूषित चांपिंग, बोर्ड और मशीन जैसी कमियां पाई गईं। कर्मचारियों की व्यक्तिगत स्वच्छता को लेकर भी अनियमितताएं दर्ज की गईं।ग्रामीणों की ओर से लंबे समय से यह शिकायत किए जाने की बात सामने आई है कि सेंटर में बीमार अथवा खराब हालत वाले चिकन की कटिंग कर उसे ग्राहकों को बेचा जाता था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ऐसे चिकन की बिक्री से लोगों के स्वास्थ्य को खतरा पैदा हो रहा था। हालांकि, उपलब्ध विभागीय कार्रवाई पत्र में बीमार चिकन की बिक्री के आरोप की स्वतंत्र पुष्टि का उल्लेख नहीं है।

श्रद्धालुओं ने की उत्तम मार्दव धर्म की आराधना

अहंकार का त्याग कर विनम्रता और सरलता अपनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति की ओर से आयोजित दस दिवसीय पर्यूषण पर्व के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने धार्मिक उत्साह और भक्तिभाव के साथ उत्तम मार्दव धर्म की आराधना की। इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन किया गया। जैन धर्म में उत्तम मार्दव का अर्थ मान-सम्मान और अहंकार का त्याग कर विनम्रता अपनाना है। धन, पद, प्रतिष्ठा, ज्ञान अथवा रूप का अहंकार न करते हुए सभी के प्रति समान भाव रखना ही इस धर्म का संदेश है। श्रद्धालुओं ने अहंकार त्यागकर सरलता, विनम्रता और आत्मशुद्धि का संकल्प लिया।



शांतिधारा का सौभाग्य प्रवीण जैन, रवि जैन, आदि जैन, अरनव जैन एवं राजकुमारी छाबड़ा परिवार को प्राप्त हुआ। वहीं प्रथम चार कलश अभिषेक का सौभाग्य दिनेश देवांशु जैन, युग शैलेश जैन, सुजल संदीप जैन एवं महेंद्र मयूर जैन परिवार को मिला। रात्रि में आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के परम शिष्य पंडित अजीत शास्त्री का प्रवचन हुआ, जिसमें समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। समिति के अनुसार पर्व के दौरान प्रतिदिन रात्रि प्रवचन का आयोजन किया जाएगा।



भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

29 YEARS Legacy in Education

प्रवेश प्रारंभ : 2026-27 SHAPING FUTURES, DELIVERING CAREERS **ADMISSIONS OPEN: 2026-27**

''भारती-ग्रुप'' पिछले 29 वर्षों से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, राज्य में आवश्यकता के अनुसार नये-नये पाठ्यक्रम संचालित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा कम-खर्च / कम-फीस में प्रदान कर रहा है। आगे इसी लक्ष्य को पुरा करते हुये अध्ययन प्राप्त कर चुके, लगभग सभी विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रदान कर रही है। इनकी योग्यता, कौशल एवं रुचि के अनुसार छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यो की कई बड़ी-बड़ी कंपनियों में चयनित होकर कार्यरत है तथा कई बड़े रूप में स्व-रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है। जिससे हमारी संस्था के साथ-साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाये रखेंगे इसी विश्वास के साथ ...

लॉ (कानून)- लॉ एजुकेशन में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण। एलएलबी 3 वर्षीय, प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम 2 वर्षीय, प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ उत्तीर्ण होने के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प हैं जिसमें से न्यायपालिका, वकालत, कानूनी सलाहकार के रूप में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है, इसके अतिरिक्त वे कॉर्पोरेट सेक्टर, वित्तीय संस्थानों, इनकम टैक्स विभाग, लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग, मानव संसाधन, रियल एस्टेट, मीडिया, बैंकिंग और बीमा क्षेत्रों में भी कार्य कर अपना उज्जवल भविष्य बना सकते हैं।

Paramedical Courses (1Year)
- Panchakarma Therapist
- Ayurvedic Pharmacist

Eligibility: 12th Pass (Biology) with Minimum 50% Marks

Afft. to Ayush University, Raipur
- BAMS Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
- B.Sc. (Nursing)

Afft. to IGKV, Raipur
- B.Tech Agri.
- B.Sc. Agri.

प्रथम दीक्षांत समारोह में उपस्थित डॉक्टरेट उपाधि प्राप्तकर्ता



फॉरेंसिक साइंस- भारती विश्वविद्यालय न केवल दुर्ग, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है। बीएससी फॉरेंसिक साइंस(ऑनर्स) 3+1 वर्षीय (डिग्री+अनुसंधान)में प्रवेश हेतु गणित अथवा विज्ञान विषय में 12वीं उत्तीर्ण एवं एमएससी फॉरेंसिक साइंस 2 वर्षीय, प्रवेश हेतु बीएससी गणित/जीवविज्ञान, फार्मेसी, इंजीनियरिंग के साथ स्नातक होना अनिवार्य है। इस विषय से छात्रों को अपराध अनुसंधान, डीएनए विश्लेषण, फिंगरप्रिंट तकनीक, क्राईम सीन इन्वेस्टिगेशन, साइबर सिक्योरिटी और टॉक्सीकोलॉजी जैसे आधुनिक कौशलों में प्रशिक्षित होने का ज्ञान प्राप्त होगा। डिग्री प्राप्त होने के बाद अपराध जॉच में वैज्ञानिक सबूतो के बढ़ते महत्व के कारण सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में नौकरी के सबसे ज्यादा अवसर हैं, फॉरेंसिक साइंस के विद्यार्थी देश-विदेश के फॉरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फॉरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य करते हैं। सरकारी विभागों जैसे सेंट्रल एवं स्टेट फॉरेंसिक साइंस लैब, गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य खुफिया एजेंसियों में फॉरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, जो विद्यार्थियों को एक सशक्त कैरियर एवं रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी है
पॉलिटेक्निक / इंजीनियरिंग / एमटेक

हमारे छत्तीसगढ़ शासन औद्योगिक एवं तकनीकी विकास की दिशा में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ ही देश एवं विदेश की कई कम्पनीयों के साथ समझौता को बढ़ावा दे रही है एवं कई बड़ी-बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नये अवसर प्राप्त हो रहे हैं। पॉलिटेक्निक 3 वर्षीय प्रवेश हेतु 10वीं उत्तीर्ण, बी.टेक 4 वर्षीय, प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। विद्यार्थी सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर साइंस, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन जैसे विषयों में प्रवेश लेकर गहन तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। यह कोर्स विद्यार्थियों को अनुसंधान, डिजाइन, विकास, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और इंडस्ट्री में विविध तकनीकी जिम्मेदारियों के लिए तैयार करता है। इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रो में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं जैसे निर्माण कंपनियां, सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियां, इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग, ऑटोमोबाइल, पावर प्लांट्स, स्टार्टअप्स, सरकारी विभाग, अनुसंधान संस्थान, और शिक्षण संस्थान में रोजगार एवं स्व-रोजगार का अवसर मिलेगा।

निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा मार्गदर्शन

विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन के साथ-साथ IAS, IPS, IFS, IRS, IES, SSC, CGPSC/State Public Service Commission तथा अन्य सभी केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता सुनिश्चित करने हेतु इसकी तैयारी निःशुल्क प्रदान की जा रही है।

मेरिट के आधार पर प्रवेश परीक्षा हेतु तृतीय आवेदन की अंतिम तिथि : 19.09.2026

Law
- B.A. LLB
- LLB
- B.Com LLB
- LLM

Engineering
- M. Tech. / B.Tech. / Polytechnic
- CSE
- Civil
- ET&T
- Mechanical
- Electrical

(Regular / Working Professionals with Flexible Time)

Education
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

Public Health
- MPH (Master of Public Health)

Rural Studies
- Bachelor (BRS)
- Master (MRS)

Physical Education
- Bachelor of Physical Education and Sports (B.P.E.S.)*
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S.)*

Social Work
- Diploma (DSW)
- Bachelor (BSW)
- Master (MSW)

Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma

Science
- B.Sc. (Hons)/ M.Sc.
- Forensic Science
- Chemistry
- Maths
- Computer Sceince
- Physics
- Zoology
- Animation & Visual Effects
- Botony
- Microbiology
- Biotechnology
- Home Science
- IT

Arts/ Commerce & Management
- BBA
- MBA
- Hospital Mgt.
- Financial Mgt
- Marketing Mgt.
- Human Resource Mgt.
- B.A.(Hons)/ M.A.
- Psychology
- English
- Sociology
- Yoga
- Hindi
- Sanskrit
- Economics
- History
- Geography
- Political Science
- B.Com.(Hons)
- M.Com.
- B.Stat
- M.Stat
- DCA
- BCA
- PGDCA

Library Science
- M.Lib
- B.Lib
- D.Lib

Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Digital Marketing
- Yoga Science
- Nutrition & Dietetics
- Interior Design
- Multimedia & Graphic Animation
- Fashion Design
- Cyber Crime

Ph.D. Available in all Major Subject

- प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि 19 सितम्बर 2026
- Website : www.bhartiuniversity.org

फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान...

''फार्मेसी ज्ञान और सेवा का संगम''

डी. फार्मेसी 2 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स एवं बी.फार्मेसी 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम है जिनमें प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। फार्मेसी विज्ञान और मानव स्वास्थ्य के बीच एक सेतु है, जो कि ना केवल दवाओं की गुणवत्ता और प्रभाव को सुनिश्चित करता है, बल्कि रोगों की रोकथाम और इलाज में अहम भूमिका निभाता है। आज की तेज रफ्तार जीवनशैली, बदलती स्वास्थ्य समस्याएं, और नई-नई बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के चलते फार्मेसी क्षेत्र में कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग निरंतर बढ़ रही है। यह कोर्स अनुसंधान, शिक्षण, उद्योग और सरकारी विभागों में उन्नत कैरियर के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। जिसमें विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल विज्ञान की मूलभूत जानकारी, दवा निर्माण, ड्रग डिजाइन, फार्माकोलॉजी, हर्बल ड्रग्स और क्लिनिकल फार्मेसी जैसे विषयों में गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस कोर्स के अध्ययन से विद्यार्थियों को अनुसंधान, निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, और फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में विभिन्न जिम्मेदारियों के लिये तैयार होते है। फार्मेसी के डिग्री प्राप्त करने के बाद छात्र सरकारी और निजी अस्पतालों, क्लीनिकों, इसके अलावा स्वरोजगार के लिए मेडिकल स्टोर भी प्रारंभ कर सकते हैं।

TOP RECRUITERS

WIPRO LTD. | ASHOK L bY LAYAM GROUP | JINDAL ELECTRICAL | HCL INFOSYSTEMS Ltd. | TATA CONSULTANCY SERVICES | L & T CONSTRUCTION | SUZUKI MOTORS | MAHINDRA & MAHINDRA Ltd. | CAPGEMINI INDIA PVT. LTD. | ULTRATECH CEMENT | SUZLON ENERGY LTD. | BOC INDIA LTD. | DHOOT TRANSMISSIONS | ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. | HIRA POWER & STEEL | MAINTEC TECHNOLOGIES | IDBI BANK LIMITED | JUST DIAL LIMITED



6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07

www.bhartiuniversity.org
bhartiuniversity.in@gmail.com

SUN PUBLIC SCHOOL
A CBSE NEW Delhi, affiliated School
Day Boarding School
ADMISSIONS OPEN
Hostel Facility Available from 6th to 12th Class
NURSERY TO 12TH CBSE
ENGLISH MEDIUM
9109186601, 9109186607

सन प्राइवेट आई.टी.आई.
भारत सरकार (NCVT & DGT) एवं छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
विशेषताएँ
- उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम
- अनुभवी शिक्षक
- आधुनिक टूल्स एवं मशीनों द्वारा ट्रेनिंग
- छात्रवृत्ति की सुविधा
- हॉस्टल की सुविधा

प्रवेश प्रारंभ
- इलेक्ट्रीशियन
- फिटर
} 2 वर्ष
- कोपा
- स्टेनो (हिन्दी)
} 1 वर्ष

9589158888, 9109186606

खबर संक्षेप



धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा पूजा

हिरमी रावन। शाहिद आसपास के गांव में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर युवाओं एवं ग्रामीणों ने भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूजा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा को प्रसाद अर्पित कर पूजा-अर्चना की तथा उपस्थित लोगों में प्रसाद का वितरण किया। युवाओं ने पारंपरिक परिधान में शामिल होकर उत्साहपूर्वक पूजा में हिस्सा लिया। सुबह से ही पूजा स्थल पर ग्रामीणों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। भगवान विश्वकर्मा को निर्माण, शिल्प और तकनीकी कार्यों का देवता माना जाता है। इसी मान्यता के चलते विभिन्न औजारों, उपकरणों एवं कार्यस्थलों की भी पूजा की गई। ग्रामीणों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाया। पूजा के बाद सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

5 जुआरी गिरफ्तार 7,850 नगद जब्त



भटगांव। थाना भटगांव पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर डोकरीडीह पठार स्थित करंज पेड़ के नीचे जुआ खेल रहे फड़ पर दबिश देकर 5 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस की अचानक घेराबंदी देखकर मौके पर भगदड़ मच गई और कुछ जुआरी भागने में सफल रहे, जबकि 5 लोगों को पकड़ लिया गया। आरोपी रामाधार मिरी (43 वर्ष), निवासी धाराशिव, नानदाऊ खुराना (48 वर्ष), निवासी जमगहन, कामता प्रसाद टंडन (40 वर्ष), निवासी बनाहिल, विजय प्रेमी (30 वर्ष), निवासी जमगहन, मनोज प्रेमी (38 वर्ष), निवासी जमगहन। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और मौके से 7,850 नगद, 52 पत्ती ताश और 1 नग प्लास्टिक बोरी जब्त की है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 के तहत अपराध दर्ज कर मामला विवेचना में लिया है।

स्व. हाजी हसन अली पुरस्कार के लिए आवेदन 30 सितंबर तक

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा उर्दू साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रतिवर्ष स्व. हाजी हसन अली पुरस्कार प्रदान किया जाता है। वर्ष 2026 के लिए इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पात्र साहित्यकारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पुरस्कार के रूप में 2 लाख रुपये नगद एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। चयनित साहित्यकार को राज्य स्थापना दिवस 1 नवंबर को आयोजित राज्य अलंकरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2026 है।

200 युवाओं ने किया ब्लड डोनेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर जिला अस्पताल बलौदाबाजार, नगर भवन भाटापारा और सरस्वती शिशु मंदिर चांदन में आयोजित हुआ। तीनों स्थानों पर युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए करीब 200 यूनिट रक्तदान किया।

इस अवसर पर युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रणम्य पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर देशभर में सेवा पर्व मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में सेवा कार्य के रूप में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने में ऐसे आयोजन उपयोगी साबित होते हैं। शिविर में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और स्वेच्छा से रक्तदान किया। आयोजकों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए सेवा कार्य में उनकी सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया रक्तदान



बलौदाबाजार। सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल ने स्वयं रक्तदान कर युवाओं और आम नागरिकों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद मरीज का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने स्वस्थ एवं पात्र लोगों से समय-समय पर रक्तदान करने की अपील की।उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में रक्त की उपलब्धता मरीज और उसके परिजनों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती है। समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना सभी की जिम्मेदारी है। शिविर में जिला चिकित्सालय के चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी, भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस दौरान रक्तदाताओं का पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान भी किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष ने लोक निर्माण और राजस्व विभाग की ली समीक्षा बैठक

विकास कार्य फाइलों में नहीं जमीन पर दिखें: अश्वनी शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



नगर के विकास कार्यों को समयबद्ध गति देने, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा नगर पालिका की राजस्व व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद भाटापारा कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग एवं राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबित निर्माण कार्यों की सूची तैयार कर समयसीमा में पूर्ण कराने पर जोर। नगर में चल रहे ऐसे विकास कार्य जो निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं हुए हैं, उनकी अलग से समीक्षा कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। सड़क, नाली एवं अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की नियमित निगरानी। लोक निर्माण से जुड़े कार्यों में गुणवत्ता की नियमित जांच करने तथा निर्माण कार्यों में निर्धारित मापदंडों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों का उद्देश्य केवल निर्माण पूरा करना नहीं, बल्कि लंबे समय तक उपयोगी और टिकाऊ सुविधा उपलब्ध कराना है। बारिश एवं जल निकासी से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता। जलभराव वाले क्षेत्रों की पहचान कर नाली एवं जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने। नई विकास आवश्यकताओं का स्थल निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश। राजस्व वसूली की विभागवार समीक्षा राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान नगर पालिका की आय बढ़ाने तथा लंबित राजस्व की वसूली को प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई।

विभागीय समन्वय और नियमित मॉनिटरिंग, अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि विकास कार्यों की गति के लिए लोक निर्माण, राजस्व एवं अन्य संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। विभागीय स्तर पर नियमित समीक्षा कर कार्यों की प्रगति पर नजर रखने के निर्देश दिए गए।

विकास के साथ मजबूत राजस्व व्यवस्था भी जरूरी है। नगर पालिका की आर्थिक क्षमता मजबूत होगी तो हम नागरिक सुविधाओं और विकास कार्यों को और बेहतर तरीके से आगे बढ़ा सकेंगे। इसलिए राजस्व वसूली को प्रभावी बनाने, लंबित प्रकरणों का नियमानुसार निराकरण करने और विभागीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा भाटापारा में विकास कार्य केवल फाइलों में नहीं, बल्कि जमीन पर दिखाई देने चाहिए। हमारी प्राथमिकता है कि जो कार्य स्वीकृत हो चुके हैं, वे समयसीमा में पूर्ण हों और जिन कार्यों में किसी कारण से विलंब हो रहा है, उनकी बाधाओं को दूर कर गति दी जाए। सड़क, नाली, जल निकासी और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों में नागरिकों को सीधे राहत मिलनी चाहिए।

निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयसीमा पर जोर

राजस्व के स्रोतों को मजबूत करने पर विशेष ध्यान, नगर पालिका के विभिन्न राजस्व स्रोतों की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि नगरपालिका की आय से जुड़े प्रकरण व्यवस्थित रूप से दर्ज हों और जहां नियमानुसार राजस्व प्राप्त किया जाना है, नागरिकों से जुड़े राजस्व प्रकरणों का समय पर निराकरण, राजस्व संबंधी शिकायतों एवं आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखने तथा नागरिकों को नियमानुसार समय पर जानकारी एवं समाधान उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में ये रहे मौजूद

नगर पालिका द्वारा लिए गए निर्णयों का लाभ समय पर भाटापारा के नागरिकों तक पहुंचे। बैठक के अंत में अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने संबंधित विभागों को कार्यवार प्रगति की नियमित समीक्षा, लंबित कार्यों के शीघ्र निराकरण तथा राजस्व व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, सभापति गोविंद पटेल, मनीष मिश्रा, संतीश तलरेजा, देवेंद्र साहू, दशरथ साहू, पार्षद बब्बू मंधान, नंदू वैष्णव, राजेश साहू, एल्डरमैन मधु सोनी, राजा कामनानी, डॉ. संतोष वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवकुमार यादव इंजीनियर विनोद यादव, पूर्णेन्दु त्रिवेदी,देवा बंजारे मौजूद रहे।

रक्तदान शिविर में नागरिकों ने बढ़-चढ़कर निभाई सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़



सेवा संकल्प अभियान के तहत आज जिला चिकित्सालय सारंगढ़ सहित जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अधिकारी-कर्मचारियों के साथ स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं समाजसेवी संगठनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदाताओं ने रक्तदान के माध्यम से मानव सेवा का संदेश देते हुए जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की। जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडे, जिला पंचायत सीईओ ऋषिकेश तिवारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र कुमार वैष्णव एवं सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया तथा स्वयं भी लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया।सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित रक्तदान शिविरों में भी स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं एवं समाजसेवी संगठनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। युवाओं सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर यह संदेश दिया कि जरूरतमंद व्यक्ति के लिए किया गया रक्तदान मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है।

घरों व सार्वजनिक स्थानों पर विराजे गणपति



अर्जुनी। ग्राम अर्जुनी में घरों और सार्वजनिक स्थानों पर जगह-जगह गणपति विराजमान है। सोमवार से ही गणपति का आगमन प्रारंभ हुआ गणपति के आगमन में उत्साह एवं उत्सव की झलक दिखाई दी। गणेश उत्सव समितियां द्वारा कही डीजे तो कहीं पर धूमाल से गणपति का स्वागत किया गया एवं पटाखे फोड़ झूमते नजर आए। जिसे सोमवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर गणेश प्रतिमा को विराजित किया गया। गणेश पंडालो को आकर्षक रूप से सजाया गया है। यह गणेश उत्सव 11 दिनों तक चलेगा साथ ही गणेश पंडालों में गणपति बप्पा मोरिया की जय घोष से पंडाल गूंजेगा। गांव के गांधी चौक, वितराग चौक, शंकर चौक, मातर चौक, बजरंग चौक, काली मंदिर, शीतला मंदिर स्थित गणपति विराजमान, महामाया मंदिर स्थित गणपति, नवयुवक गणेश उत्सव समिति गांव तालाब मार्ग, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित विभिन्न चौक एवं घरों में गणपति विराजमान है। जिसकी पूजा अर्चना सुबह शाम की जा रही है तथा गणेश पंडालो में उत्सव की धूम मची हुई है।

टैक्सी स्टैंड में गूंजे विश्वकर्मा भगवान के जयकारे



भटगांव। भटगांव के टैक्सी स्टैंड में आज विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। टैक्सी यूनियन और वाहन चालकों ने विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। आज सुबह से ही टैक्सी स्टैंड का नजारा बदला हुआ था। धूल और शोर की जगह भक्ति का माहौल था। सभी चालकों ने अपनी टैक्सी, ऑटो और पिकअप गाड़ियों को धोकर चमका दिया, फूल-मालाओं से सजाया और अगरबत्ती से सुगंधित किया। परिसर में विश्वकर्मा जी की प्रतिमा स्थापित कर पंडित जी ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा कराई।

जर्जर सड़क को फिर से बनाने सिरदा के युवाओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रिसदा



क्षेत्र में सड़कों की बदहाली और उससे उड़ने वाली धूल से परेशान होकर आज ग्राम रिसदा के युवाओं ने जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर कुलदीप शर्मा को एक ज्ञापन सौंपा। युवाओं ने रिसदा से सुहेला मार्ग की जर्जर स्थिति से अवगत कराते हुए इसके जल्द नए निर्माण, मरम्मत और धूल से राहत के लिए प्रतिदिन पानी छिड़काव कराने की मांग की है।कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में युवाओं ने बताया कि रिसदा से सुहेला मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने के कारण आए दिन दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। इसके साथ ही, भारी वाहनों के गुजरने से उड़ने वाली धूल के कारण राहगीरों और सड़क किनारे रहने वाले ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। धूल की वजह से लोगों को सांस लेने में दिक्कतें आ रही हैं और स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। युवाओं की प्रमुख मांगें रिसदा-सुहेला मार्ग का जल्द से जल्द नए सिरे से निर्माण शुरू किया जाए। जब तक नया निर्माण शुरू नहीं होता, तब तक गड्ढों को भरकर सड़क की मरम्मत की जाए। धूल की समस्या से तत्काल राहत देने के लिए सड़क पर प्रतिदिन अनिवार्य रूप से पानी का छिड़काव करवाया जाए। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने युवाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और इस मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान मुख्य रूप से सूरजप्रकाश साहू, रितेश साहू, मिन्टू साहू, अशवनी साहू, हरिकीर्तन ध्रुव, योगेश, यशवंत साहू, खिलेश, कान्हा, सुमन और किशोर सहित ग्राम रिसदा के अनेक युवा उपस्थित थे।

संजय कुमार ने संभाला सिमगा के पूर्णकालिक बीईओ का पदभार



सिमगा। छत्तीसगढ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार संजय कुमार श्रीवास्तव प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दामाखेड़ा को पूर्ण कालिक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सिमगा के पद पर पदस्त किया गया है। इससे पूर्व वे दामाखेड़ा के साथ ही विश्रामपुर में प्राचार्य के रुप में पदस्थ रहे हैं। अपने कक्ष में पूजा अर्चना के बाद बुधवार को ही उन्होंने पूर्ण कालिक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सिमगा के रुप में पदभार ग्रहण कर चुके हैं। उनकी नियुक्ति के पश्चात अब उन पर निष्पक्ष प्रशासनिक कार्य की जवाबदेही तय हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अब वे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की ओर विशेष ध्यान देंगे। चूंकि अब वे दामाखेड़ा एवं विश्रामपुर से कार्यमुक्त हो चुके हैं। बताते चलें कि सिमगा में पूर्ण कालिक बीईओ की नियुक्ति नहीं होने के कारण काफी दिनों तक आपसी खींचतान एवं विवाद जारी था जिस पर अब विराम लग चुका है। अब कार्यालयीन कार्य सुचारु रूप से संचालित होगा।



माता कर्मा की सामूहिक आरती और जलाए ज्योति कलश

अर्जुनी में साहू समाज ने मनाया तेली दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी



ग्राम अर्जुनी में वरिष्ठ समाजसेवी भंवर सिंह साहू की सद्प्रेरणा से विश्व तेली दिवस प्रथम बार मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहू समाज परिक्षेत्र अर्जुनी के अध्यक्ष परदेशी राम साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय ग्रामीण साहू सघ के अध्यक्ष राधेश्याम साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में बिशेषर साहू और संतराम साहू खैरताल, सुरेश साहू और छेदू साहू रवान, पुरूषोत्तम साहू भद्रा पाली, चित्र रेखा साहू,आर आर साहू, गंगाप्रसाद साहू, कृष्ण कुमार साहू और ओमप्रकाश साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम में सर्व प्रथम माता कर्मा की सामूहिक आरती की गई। गणेश के नाम से एक ज्योति कलश की स्थापना की गई और गणेश जी के बीज मंत्र ओम गण गणपतये नमः का सामूहिक पाठन किया गया।

प्रमुख वक्ता वरिष्ठ समाजसेवी भंवर सिंह साहू ने बताया कि गणेश जी का जन्म और तेली जाति की उत्पत्ति सतयुग में भाद्र शुक्ल चतुर्थी को एक ही दिन हुई थीं। श्री साहू ने पूरी कथा का वर्णन किया। विश्व तेली दिवस प्रथम बार मनाया जा रहा है। इसलिए सामाजिक भाई बहनों में भारी उत्साह था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परदेशी राम साहू ने घोषणा की गणेश चतुर्थी के दिन गांव में हर साल विश्व तेली दिवस मनाया जायेगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष राधेश्याम साहू ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से समाज को नई नई जानकारियां मिली हैं। चित्र रेखा साहू ने कहा कि कार्यक्रम बहुत अच्छा लगा। वरिष्ठ समाजसेवी आर आर साहू ने भी समाज को सम्बोधित किया। आभार प्रदर्शन कृष्ण कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में काफी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में माता कर्मा भवन परिसर में बीस पौधों का रोपण किया गया। साथ ही प्रसाद वितरण किया गया।

